>

Title: Presentation of 3rd, 4th, 5th, 6th, 7th, and 8th Reports of Committee on Welfare of Other Backward Classes .

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) : महोदय, मैं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन* (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :-

(1) कोयला मंत्रालय से संबंधित "कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय" विषय संबंधी समिति (2019-20) का तीसरा प्रतिवेदन ।

(2) रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित "राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय" विषय संबंधी समिति (2019-20) का चौथा प्रतिवेदन ।

(3) रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित "नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय" विषय संबंधी समिति (2019-20) का पांचवा प्रतिवेदन ।

(4) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्च शिक्षा विभाग) से संबंधित "दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश और शिक्षकों की नियुक्ति में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय" विषय संबंधी समिति (2019-20) का छठा प्रतिवेदन ।

(5) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित "केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व

सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय" के बारे में समिति के बीसवें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति (2019-20) का सातवां प्रतिवेदन ।

(6) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से संबंधित "संघ राज्य क्षेत्रों, पीएसयू आदि सहित भारत सरकार के नियंत्रणाधीन सेवाओं और पदों में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए रोजगार में क्रीमीलेयर के युक्तिकरण" के बारे में समिति के इक्कीसवें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति (2019-20) का आठवां प्रतिवेदन ।